हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 जून 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 माड्मर का कटोरीनुमा लहराकार दोहा मॉडल...



07 त्रिवेणी संगम में अव्यवस्थाओं के बीच श्रद्धालुओं...



## समाचार संक्षेप

### नजूल कॉलोनी में बनेगा रेल अंडर ब्रिज मंत्री सिंधिया ने दिलाई स्वीकृति

**गुना ।** गुना शहर की नजूल कॉलोनी क्षेत्र के हज़ारो नागरिको को रेल पटरी पार करने के खतरे से अब शीघ्र मुक्ति मिल जायेगी.केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों के बाद रेल बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद आगामी 6 जुलाई को इस काम के टेंडर खुल जायेगे। आरसीसी बॉक्स प्रकार के इस अंडर ब्रिज की माँग लंवे समय से की जा रही थी। इस बहुप्रतिक्षित मांग को पूरा करने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि के प्रति नागरिको ने आभार जताया है। आभार जताने वालो मे जिला भाजपा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, पूर्व मंत्री महेंद्र सिसोदिया, नपा अध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता, योगेंद्र लुम्बा, अरुण चतुर्वेदी, विठ्ठल दास मीना, सुनील शुभम गिर्राज भार्गव, अनुराग शर्मा के अलावा मुख्य तोर पर इस मांग को लेकर आवाज़ उठाते रहने वाले स्थानीय पार्षद कैलाश धाकड़ आदि शामिल है।



### म्याना पुलिस ने तत्परता दिखाई, 6 घंटे में मिला गुमशुदा बालक

**गुना।** म्याना थाना क्षेत्र से घर से बिना बताए चले गए 14 वर्षीय बालक को पुलिस ने महज 6 घंटे में सकुशल खोजकर परिजनों को सौंप दिया। बालक 14 जून की शाम लापता हो गया था, जिसकी सूचना परिजनों ने 15 जून की सुबह पुलिस को दी। सूचना मिलते ही म्याना पुलिस ने तत्काल खोजबीन शुरू की और विभिन्न स्थानों पर तलाश एवं पूछताछ के बाद बालक को सुरक्षित बरामद कर लिया। पुत्र के सकुशल मिलने पर परिजनों ने म्याना पुलिस का आभार व्यक्त किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक प्रदीप रघुवंशी एवं आरक्षक देवेंद्र जाटव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मीना बाजार में बिछड़ी 3 वर्षीय बच्ची परिजनों से मिली

**गुना।** आरोन में आयोजित मीना बाजार के दौरान अपने परिजनों से बिछड़ी 3 वर्षीय मासूम बच्ची को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही समय में सुरक्षित खोजकर उसके माता-पिता को सौंप दिया। सूचना मिलते ही एफआरवी-14 में तैनात आरक्षक सचिन परिहार एवं पायलट हेमराज ने बाजार परिसर और आसपास के क्षेत्र में तलाश शुरू की। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बच्ची सुरक्षित मिल गई। बच्ची के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने आमजन से भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बच्चों का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।

### कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया

**गुना।** गुना कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी न्यायालयीन कार्रवाई से लगातार अनुपस्थित चल रहा था। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में जिले में फरार आरोपियों एवं वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन एवं सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा की टीम ने यह सफलता हासिल की।जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में आरोपी इरफान खान निवासी हरिजन बस्ती, बजरंगगढ़ रोड गुना के खिलाफ कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज हुआ था। न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर न्यायालय गुना द्वारा उसके विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी इरफान उर्फ अज्जू (45) को गिरफ्तार कर लिया और उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया।कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा के साथ प्रधान आरक्षक सूर्येन्द्र मिश्रा एवं आरक्षक अनिल रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र पर कलंक : जयवर्धन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

राघौगढ़ विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने सोमवार को गुना में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार, चुनाव आयोग और राज्यसभा चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन निरस्त किए जाने को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए कहा कि भाजपा ने इस बार केवल वोट नहीं, बल्कि सीधे राज्यसभा की सीट ही चोरी कर ली है।जयवर्धन सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास अपनी प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए पर्याप्त संख्या बल था, लेकिन सुनियोजित तरीके से गांधीवादी विचारधारा की नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज कर एक महिला के सांसद बनने का अधिकार छीन लिया गया। उन्होंने कहा कि जिस निजी परिवाद का हवाला देकर नामांकन निरस्त किया गया, उसमें मीनाक्षी नटराजन अभियुक्त नहीं हैं, फिर भी नियमों की अनदेखी कर कार्रवाई की गई। उन्होंने चुनाव आयोग और न्यायिक व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक महिला प्रत्याशी को चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक तत्काल न्याय नहीं मिल सका। कांग्रेस इस मामले में कानूनी और लोकतांत्रिक लड़ाई जारी रखेगी।

### 2029 के लिए विपक्षी एकता पर जोर



देश की राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए जयवर्धन सिंह ने कहा कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से क्षेत्रीय दलों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की एकजुटता की कमी का लाभ भाजपा को मिला है। आगामी 2029 लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन रणनीति तैयार कर रहा है और सभी विपक्षी दलों को मिलकर भाजपा का मुकाबला करना चाहिए।

### खाद संकट पर सरकार घिरी

किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए जयवर्धन सिंह ने प्रदेश में खाद वितरण व्यवस्था को पूरी तरह विफल बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि बमोरी क्षेत्र के बाघेरी डबल लॉक केंद्र में गोदामों में डीएपी और यूरिया उपलब्ध होने के बावजूद ऑनलाइन पोर्टल पर स्टॉक शून्य दिखाया गया। उन्होंने सरकार से खाद वितरण की पूरी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की।उन्होंने कहा कि वन अधिकार पट्टाधारी किसानों को खाद उपलब्ध कराने को लेकर सरकार के पास कोई स्पष्ट योजना नहीं है। खाद की कमी और ऑनलाइन व्यवस्था की खामियों के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सर्वर डाउन अन्याय

जयवर्धन सिंह ने कहा कि जब करोड़ों लोग एक साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर क्रिकेट मैच देख सकते हैं तो किसानों के खाद पंजीयन के समय सरकारी सर्वर का बार-बार डाउन होना सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा, कमी छिपाने ऑनलाइन व्यवस्था का सहारा लिया जा रहा है।

### पेट्रोल-डीजल नीति पर भी साधा निशाना

केंद्र सरकार की ईंधन नीति पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि 2014 में पेट्रोल को सस्ता करने के वादे किए गए थे, लेकिन आज स्थिति इसके विपरीत है। किसानों और आम जनता पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ाया जा रहा है। जयवर्धन सिंह ने चेतावनी दी कि गुना जिले में किसानों के साथ हो रहे कथित शोषण का मुद्दा कांग्रेस आगामी मानसून सत्र में विधानसभा में प्रमुखता से उठाएगी।

### अज्ञात बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया, जीआरपी जांच में जुटी

# चलती ट्रेन में 16 लाख के सोने, चांदी के जेवर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

चलती ट्रेन में करीब 16 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाशों ने भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए एक परिवार के ट्रॉली बैग की चेन खोलकर लाखों रुपए के जेवरात पार कर दिए। घटना के बाद रेलवे यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। मामले में जीआरपी गुना ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अशोकनगर जिले के ग्राम बरखेड़ा निवासी आबिद खान 13 जून को अपने परिवार के साथ बीना-ग्वालियर पैसेंजर ट्रेन से मुंगावली से म्याना की ओर यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उनका ट्रॉली बैग कोच की ऊपरी सीट पर रखा हुआ था, जबकि परिवार के सदस्य नीचे बैठे थे।

### भीड़ का फायदा उठाकर दिया वारदात को अंजाम

बताया गया है कि रुठियाई और गुना रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन में काफी भीड़ थी। कई यात्री ऊपरी सीटों पर भी बैठे हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने ट्रॉली बैग की चेन खोलकर उसमें रखे




कीमती आभूषण चोरी कर लिए। परिवार को घटना की जानकारी तब लगी जब गुना स्टेशन पहुंचने से पहले आबिद खान की नजर बैग पर पड़ी और उन्होंने उसकी चेन खुली देखी।

### बैग से गायब मिले लाखों के जेवर

बैग की जांच करने पर उसमें रखे सोने और चांदी के आभूषण गायब मिले। चोरी हुए सामान में सोने के हार, कड़े, कंगन, चेन, अंगूठियां, टॉप्स, झाले और बेंदी सहित अन्य आभूषण शामिल थे। वहीं चांदी की पायल, हथफूल, कंगन और बिछिया भी चोरी हो गई। पीड़ित आबिद खान के अनुसार चोरी गए जेवरों की कुल कीमत लगभग 16 लाख रुपए है। एक साथ इतनी बड़ी कीमत के आभूषण चोरी होने से परिवार सदमे में है।

### जीआरपी ने दर्ज किया मामला

घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी गुना ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए ट्रेन में यात्रा कर रहे संदिग्ध यात्रियों की जानकारी जुटानी प्रारंभ कर दी है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी संबंधित रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि चोरी की वारदात किस स्टेशन के बीच हुई और इसमें कितने लोग शामिल थे। साथ ही ट्रेन में मौजूद यात्रियों एवं रेलवे कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

### रेलवे सुरक्षा पर उठे सवाल


चलती ट्रेन में लाखों रुपए के आभूषण चोरी होने की घटना ने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यात्रियों का कहना है कि भीड़भाड़ वाली ट्रेनों में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे यात्रियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। जीआरपी अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है तथा जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा।

### लूट का एक आरोपी गिरफ्तार मोबाइल बरामद दो फरार

**गुना।** मृगवास थाना पुलिस ने लूट की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया है। मामले में अन्य दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन एवं एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के मार्गदर्शन में पुलिस ने यह कार्रवाई की।जानकारी के अनुसार 12 जनवरी 2026 को फरियादी अशोक अहिरवार निवासी ग्राम जौहरीपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुसुमपुरा मोड़ के पास बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोककर मारपीट की और दो मोबाइल, मोटरसाइकिल तथा 34 हजार रुपए नकद लूट लिए थे। इस पर मृगवास थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था।पुलिस ने जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी राकेश भील (22) निवासी पीपल्याखुशाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटा गया एक मोबाइल फोन बरामद किया है। फरार दोनों आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि संदीप यादव, साइबर सेल एवं थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नगरपालिका प्रांगण में जनकल्याण शिविर आयोजित

## मोदी के नेतृत्व पर विश्वास से देश की दिशा और दशा दोनों बदली है: जिराती



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम बारह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नगरपालिका प्रांगण में जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जीतू जिराती उपस्थित रहे ।शिविर में नगर पालिका द्वारा प्रदत्त की जाने वाली योजनाओं एवं सेवाओं के संबंध में जानकारी देने हेतु स्टाल लगाकर लाभार्थियों का पंजीयन कर सहायता की जाएगी ।स्वागत भाषण नपा अध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता ने स्वागत भाषण देते हुए उपस्थित नागरिकों एवं लाभार्थियों को शिविर के बारे में विस्तार से बताया ।भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। उनका दूरदर्शी नेतृत्व, कार्यसंस्कृति एवं राष्ट्र प्रथम का भाव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।मुख्य अतिथि जीतू जिराती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा, समर्पण और सुशासन को राजनीति का आधार बनाकर करोड़ों देशवासियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है।

आज भारत आत्मनिर्भरता, नवाचार, आर्थिक प्रगति तथा सांस्कृतिक गौरव के नए युग में प्रवेश कर चुका है। इस शिविर के माध्यम से जो जनसेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है उसे हम पूरी निष्ठा से निभायें क्यूंकि नर सेवा ही नारायण सेवा है ।कार्यक्रम के उपरांत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए । इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेन्द्र सलूजा,जिला महामंत्री रविंद्र रघुवंशी,संतोष धाकड़,पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता विषेश रूप से मौजूद रहे।

## नीट परीक्षा की तैयारियां पूरी, कलेक्टर ने समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आज आगामी नीट परीक्षा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल, अपर कलेक्टर शअखिलेश जैन, एसडीएम शिवानी पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पांचों केंद्रों के प्राचार्यों द्वारा कराया अवगत

बैठक के दौरान परीक्षा के पांचों केंद्रों के प्राचार्यों द्वारा अवगत कराया गया कि सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर दिए गए हैं, पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, अभ्यर्थियों के परिजनों के लिए टेंट की व्यवस्था की गई है तथा परिसर की साफ-सफाई कर ली गई है। साथ ही बैठने की व्यवस्था सुव्यवस्थित की गई है एवं शौचालयों की सफाई भी सुनिश्चित की गई है। बैंक एवं डाकघर प्रतिनिधियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी साझा की गई।बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि नीट परीक्षा दिनांक 21 जून 2026 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित होगी तथा अभ्यर्थियों का प्रवेश प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को समय पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना सुनिश्चित करने की अपील की गई।

उन्होंने बताया कि पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा सतत निरीक्षण किया जाएगा तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारी नियमित रूप से भ्रमण करेंगे।कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी चेकलिस्ट तैयार कर उसके अनुसार व्यवस्थाओं का पुनः सत्यापन करें। उन्होंने विशेष रूप से सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच करने तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित कोचिंग संस्थानों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए।

### 21 जून योग दिवस की तैयारी, मानसून प्रबंधन और ऐतिहासिक धरोहरों के संकलन पर हुई समीक्षा

# जनकल्याण शिविरों के परिणाम दिखें जमीन पर, हर आवेदन का हो समयबद्ध समाधान: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में जनकल्याण शिविरों की प्रगति, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों, मानसून पूर्व व्यवस्थाओं, आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन तथा ज्ञान भारतम्‌ अभियान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर कन्याल ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जा रहे जनकल्याण शिविरों की समीक्षा करते हुए कहा कि शिविरों का उद्देश्य योजनाओं की जानकारी के साथ आमजन की समस्याओं का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाई जाए, हितग्राहियों का व्यवस्थित डाटा तैयार किया जाए तथा प्राप्त आवेदनों का यथासंभव शिविर स्थल पर ही निराकरण किया जाए। साथ ही सभी प्रकरणों की समय पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा




कि योग दिवस का उद्देश्य केवल एक कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को योग के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए प्रेरित करना है। जिला स्तरीय आयोजन टेकरी परिसर में आयोजित किया जाएगा। बैठक में ज्ञान भारतम्‌ अभियान के अंतर्गत वर्ष 1950 से पूर्व की ऐतिहासिक धरोहरों, हस्तलिखित दस्तावेजों एवं अन्य महत्वपूर्ण सामग्री के संकलन पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे दस्तावेजों और ऐतिहासिक जानकारियों का संकलन किया जाए तथा इतिहासकारों, वरिष्ठ नागरिकों एवं पुराने शिक्षकों से संपर्क कर जानकारी एकत्रित की जाए।मानसून की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिला कमांडेंट होमगार्ड को आपदा प्रबंधन संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को जिले के पुल-पुलियों की स्थिति का परीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य समय पर कराने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा उनके समय पर संचालन की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के अंत में उपार्जन कार्य में विभिन्न विभागों द्वारा बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने पर कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। वहीं उपार्जन कार्य के सफल संचालन में सहयोग के लिए संबंधित विभागों द्वारा कलेक्टर को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

### तंबाकू नियंत्रण में गुना बनेगा मॉडल जिला, विक्रेता लाइसेंसिंग होगी लागू : कलेक्टर कन्याल

गुना। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत जिला तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों, इसके सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों तथा प्रभावी नियंत्रण उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि तंबाकू सेवन केवल व्यक्ति विशेष के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने विभिन्न विभागों से समन्वित प्रयास करते हुए तंबाकू नियंत्रण कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कलेक्टर ने बैठक में गुना शहरी क्षेत्र में तंबाकू विक्रेता लाइसेंसिंग प्रणाली लागू करने हेतु नगर पालिका को आवश्यक कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाइसेंसिंग व्यवस्था लागू होने के उपरांत तंबाकू उत्पादों का विक्रय केवल अधिकृत विक्रेताओं द्वारा ही किया जा सकेगा। इस पहल का उद्देश्य शहर में तंबाकू उत्पादों की अनियंत्रित बिक्री पर रोक लगाना, नाबालिगों की पहुंच को सीमित करना तथा तंबाकू नियंत्रण कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस व्यवस्था को शीघ्र लागू करने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। मध्यप्रदेश तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के आनंद वर्मा ने विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रस्तुतीकरण देते हुए तंबाकू सेवन से उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी खतरों, नियंत्रण की आवश्यकता तथा इसके दूरगामी सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों की जानकारी दी।

सरपंचों को दिया मॉडल देखने का सुझाव, कम लागत में जल संरक्षण की उम्मीद

# माडूमर का कटोरीनुमा लहराकार दोहा मॉडल बनेगा जल क्रांति का आधार: कलेक्टर श्रोत्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





जिले में भूजल स्तर सुधारने और वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए माडूमर पंचायत में तैयार की जा रही कटोरीनुमा लहराकार दोहा मॉडल जल संरचना अब एक नई जल क्रांति की उम्मीद बनकर सामने आई है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले के सभी सरपंचों से इस मॉडल का अवलोकन करने और इसकी कार्यप्रणाली को समझने का आह्वान किया है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्वयं भी माडूमर पंचायत पहुंचकर निर्माणाधीन संरचना का निरीक्षण किया और इसे कम लागत में जल संरक्षण एवं भूजल पुनर्भरण की प्रभावी तकनीक बताया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि माडूमर में तैयार की जा रही यह जल संरचना वर्षा जल के संचयन, प्रवाह नियंत्रण और भूजल स्तर बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

### भविष्य में कई दोहा स्ट्रेक्चर जिले में देखने की जताई उम्मीद

कलेक्टर श्रोत्रिय ने जानकारी देते हुये बताया कि दोहा मॉडल एक कृत्रिम रूप से खोदा गया कटोरीनुमा गड्ढा होता है, जिसे वर्षा जल के संचयन और भूजल पुनर्भरण के उद्देश्य से बनाया जाता है। यदि बरसाती नालों में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर ऐसे गहरे और चौड़े दोहा गड्ढों का निर्माण किया जाए तो भूजल स्तर को तेजी से बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक बेहद कम लागत वाली और पर्यावरण के अनुकूल है, जो किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के साथ-साथ सूखे की समस्या से राहत दिलाने में भी सहायक सिद्ध हो सकती है। माडूमर में इन संरचनाओं का निर्माण सृजन संस्था द्वारा कराया जा रहा है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में दोहा स्ट्रक्चर देखने को मिलेंगे।

### कम और मध्यम वर्षा वाले क्षेत्रों के लिए वरदान

विशेषज्ञों के अनुसार दोहा मॉडल कम और मध्यम वर्षा वाले क्षेत्रों के लिए किसी अमृत से कम नहीं है। हालांकि यह मॉडल हर जगह समान रूप से सफल नहीं होता। इसके प्रभावी परिणाम के लिए भूमि और चट्टानों की संरचना का उपयुक्त होना आवश्यक है। काली सूती और दोमट मिट्टी वाले नाले इस तकनीक के लिए सबसे उपयुक्त माने जाते हैं, क्योंकि ऐसी मिट्टी में पानी लंबे समय तक ठहरता है और धीरे-धीरे जमीन की निचली परतों में रिसकर भूजल स्तर को रिचार्ज करता है।दोहा मॉडल पूरी तरह प्रकृति आधारित तकनीक है, जिसमें सीमेंट या कंक्रीट का कोई स्थायी निर्माण नहीं किया जाता। इसकी बनावट कटोरीनुमा और लहराकार होती है। इसके तहत सूखी या मौसमी नदियों और नालों के तल में निश्चित दूरी पर लगभग दो से चार मीटर गहरी और चौड़ी खुदाई कर कटोरीनुमा गड्ढे बनाए जाते हैं। पूरे नाले की एक समान खुदाई करने के बजाय बीच-बीच में मिट्टी की दीवारें या प्राकृतिक अवरोध छोड़े जाते हैं। इससे वर्षा का पानी सीधे बहकर निकलने के बजाय एक गड्ढे से दूसरे गड्ढे तक लहराते हुए आगे बढ़ता है। इन गड्ढों में पानी जमा होने पर उसके दबाव से पानी मिट्टी की परतों में समा जाता है और भूजल स्तर में वृद्धि होती है। इसका लाभ आसपास के कुओं बोरवेलों के जलस्तर में बढ़ोतरी के रूप में दिखाई देता है।

### प्राचीन समझ पर आधारित आधुनिक तकनीक

दोहा मॉडल प्राचीन पारंपरिक जल संरक्षण की समझ पर आधारित 21वीं सदी की एक आधुनिक नवाचार तकनीक है। इसकी शुरुआत वर्ष 2011-12 के दौरान महाराष्ट्र के सूखाग्रस्त मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्रों, विशेषकर जालना और औरंगाबाद जिलों में हुई थी। इस मॉडल को महाराष्ट्र की गैर-सरकारी संस्था 'दिलासा' ने विकसित और डिजाइन किया था। संस्था ने पारंपरिक छोटे तालाबों की अवधारणा को नदी और नालों की मुख्य धारा पर लागू किया। बाद में महाराष्ट्र के प्रसिद्ध शिरपुर पैटर्न के साथ इस अवधारणा को जोड़कर लहराकार दोहा मॉडल को व्यापक पहचान मिली। यह दोहा मॉडल अब टीकमगढ़ के लिए जल संरक्षण का उदाहरण बनता दिखाई दे रहा है।

नपाध्यक्ष ने किया वृंदावन तालाब, कौशलपुरी क्षेत्र का निरीक्षण

## मानसून से पहले नालों व नालियों की सफाई पर प्रशासन का फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



आगामी मानसून को देखते हुए शहर में जलभराव की समस्या से निपटने और स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका ने वर्षा पूर्व नाला-नाली सफाई अभियान तेज कर दिया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार सोमवार को डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष अंजली शर्मा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी नपाध्यक्ष व डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा ने वार्ड क्रमांक-21 स्थित वृंदावन तालाब से निकलने वाले नाले और कौशलपुरी कॉलोनी में चल रहे सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि वर्षा ऋतु से पूर्व जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जेसीबी मशीनों की सहायता से नालों की व्यापक सफाई कराई जा रही है। इस दौरान उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शहर के कई वार्डों में नालियों की सफाई का कार्य कराया गया। इसमें वार्ड क्रमांक-21 में बुलेट एजेंसी के पास लगभग 100 मीटर नाली की सफाई, वार्ड-26 में राधा कृष्ण स्कूल के पास लगभग 200 मीटर, वार्ड-22 एवं 23 में पतंगी साहू की गली में लगभग 200 मीटर, वार्ड-01 पुरानी टिहरी में लगभग 200 मीटर, राजमहल रोड पर नाली निर्माण से पूर्व सफाई, वार्ड-12 स्थित नूतन बिहार कॉलोनी में लगभग 200 मीटर, वार्ड-25 के कुमारयाना मोहल्ले में लगभग 200 मीटर तथा पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में लगभग 200 मीटर नालियों की सफाई कराई गई। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार शहर के अन्य वार्डों में भी नालियों की सफाई और कचरा उठाने का कार्य लगातार जारी है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति को रोकना, जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाना तथा नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है।

घटिया सड़क निर्माण कार्य की शिकायत पर सड़क उखड़वाने और कार्रवाई की दी थी चेतावनी

## प्रभारी नपाध्यक्ष की सख्ती का दिख रहा असर उपयंत्री नियमित रूप से कर रहे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



शहर के अम्बेडकर तिराहे से नए बस स्टैंड तक किये जा रहे सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों के बाद नगर पालिका प्रभारी अध्यक्ष एवं डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा द्वारा की गई सख्ती और दिए गये अल्टीमेटम का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। नए बस स्टैंड से अंबेडकर तिराहे तक चल रहे डामरीकरण कार्य की अब नियमित रूप से नगर पालिका के उपयंत्री और कर्मचारी मौके पर मौजूद रहकर निगरानी कर रहे हैं। इससे नगरवासियों में उम्मीद जगी है कि सड़क का निर्माण अब गुणवत्तापूर्ण ढंग से होगा और लोगों को धूल, मिट्टी और गड्ढों से राहत मिल सकेगी।

नगर पालिका प्रभारी अध्यक्ष व डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा के स्पष्ट और सख्त निर्देशों के बाद नगर पालिका इंजीनियर दीपक विश्वकर्मा सड़क निर्माण कार्य की बारीकी से नियमित तौर पर निगरानी कर रहे हैं। इससे पहले निरीक्षण के दौरान अंजली शर्मा ने साफ कहा था कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि सड़क निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिला तो पूरी सड़क उखड़वाकर दोबारा बनवाई जाएगी। साथ ही संबंधित उपयंत्री की भी जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि जनता के पैसे से होने वाले विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अंजली शर्मा की सख्ती के बाद उपयंत्री की सतत निगरानी में निर्माण कार्य होने से स्थानीय लोगों ने संतोष व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि सड़क अब टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण बनेगी। उल्लेखनीय है कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें मिलने पर प्रभारी नपाध्यक्ष अंजली शर्मा ने नए बस स्टैंड से अंबेडकर चौराहे तक बन रही सड़क का औचक निरीक्षण किया था। मौके पर घटिया निर्माण और तकनीकी मानकों की अनदेखी सामने आने पर उन्होंने ठेकेदार मेसर्स केहर सिंह के कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई थी। स्थानीय लोगों की शिकायत पर उन्होंने अपने सामने कुदाली और फावड़े से सड़क की डामर परत खुदवाकर उसकी जांच भी कराई थी। जांच में परत कमजोर और गुणवत्ताहीन पाए जाने पर उन्होंने ठेकेदार को अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि यदि इसी प्रकार का निर्माण जारी रहा तो पूरी सड़क उखड़वाकर दोबारा बनवाई जाएगी।

इसके साथ ही संबंधित उपयंत्री को लिखित निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया गया था कि निर्माण कार्य में गड़बड़ी पाए जाने पर केवल ठेकेदार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार उपयंत्री सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। नगर पालिका ने निर्माण करने वाली मेसर्स केहर सिंह फर्म का 50 प्रतिशत भुगतान तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। यह भुगतान अब बरसात का मौसम निकलने के बाद सड़क की गुणवत्ता और टिकाऊपन की जांच के उपरांत ही किया जाएगा। नगर पालिका प्रभारी अध्यक्ष अंजली शर्मा की कड़ी कार्रवाई और अल्टीमेटम के बाद अब निर्माण स्थल पर गुणवत्ता को लेकर गंभीरता दिखाई दे रही है और सड़क निर्माण कार्य उपयंत्री दीपक विश्वकर्मा की निगरानी में कराया जा रहा है।

## ऑपरेशन कॉम्बिंग: 2 दिन में 233 समंस तामील

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी से लेकर यातायात नियम तोड़ने वालों पर की कार्रवाई




जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने 13 एवं 14 जून को विशेष कॉम्बिंग गश्त एवं निगरानी अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में संचालित इस दो दिवसीय अभियान में अपराध नियंत्रण, फरार आरोपियों की धरपकड़, न्यायालयीन प्रकरणों के निष्पादन तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की गई।

अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी एवं पुलिस बल सहित कुल 451 अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस टीमों ने रात्रिकालीन गश्त, संदिग्ध स्थानों की जांच, ग्राम क्षेत्रों में दबिश और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखकर कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में व्यापक कार्रवाई की। विशेष अभियान के दौरान न्यायालयीन प्रक्रियाओं के निष्पादन पर विशेष फोकस रखा गया। पुलिस टीमों ने जिलेभर में लंबित समंस और वारंटों की तामीली कर न्यायिक कार्यवाही को गति प्रदान की। अभियान के दौरान 233 समंस तामील किए गए, 34 गिरफ्तारी वारंट निष्पादित किए गए, आठ स्थायी वारंटों की तामीली की गई, जबकि 174 जमानती वारंटों का भी निष्पादन किया गया। पुलिस ने जिले के हिस्ट्रीशीटरों, निगरानीशुदा अपराधियों और हाल ही में जेल से रिहा हुए व्यक्तियों का भी सत्यापन किया। अभियान के दौरान 65 हिस्ट्रीशीटरों, 92 शरारती एवं निगरानीशुदा तत्वों तथा 12 रिहा अपराधियों का सत्यापन कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। इससे संभावित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी भी प्राप्त हुई। अवैध शराब के विरुद्ध भी पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत 40 प्रकरण दर्ज किए गए। इस दौरान 41 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई तथा 239 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 68 हजार 750 रुपये बताई गई है। यातायात व्यवस्था को लेकर भी पुलिस सख्त नजर आई। विशेष वाहन जांच अभियान के तहत 543 वाहनों की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वाले 242 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 70 हजार 900 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक भी किया। दो दिवसीय अभियान के दौरान जिले में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी और सतत निगरानी से सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत हुई है। अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को भी बल मिला है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। पुलिस का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा टीकमगढ़ पुलिस निगरानी, प्रभावी कार्रवाई और जनविश्वास के साथ सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

## फलहोड़ी जैन सिद्ध क्षेत्र समिति का गठन, शाह मुन्नालाल बने महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़ागांव धसान

शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए चुनाव, सुविधाओं के विस्तार और सौंदर्यीकरण पर रहेगा फोकस



श्री 1008 दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र फलहोड़ी, बड़ागांव धसान की प्रबंध कार्यकारिणी समिति के चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव अधिकारियों की देखरेख में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नई समिति का गठन किया गया, जिसमें प्रमुख पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

चुनाव अधिकारी पवन जैन दरगुवा, संजय जैन डूडा, संतोष जैन नेकोरा एवं संजय जैन अमरपुर द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार महेंद्र सिंघई (बड़ागांव) को अध्यक्ष, शाह मुन्नालाल जैन (बड़ागांव) को महामंत्री तथा वैद्य सनत कुमार जैन को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र सिंघई ने अपने संबोधन में कहा कि यह केवल एक पद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि धर्म, सेवा और समाज के प्रति समर्पण का अवसर है। उन्होंने कहा कि समिति की प्राथमिकताओं में मंदिर परिसर का सुंदरीकरण, श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार तथा सिद्ध क्षेत्र के धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व को और अधिक विकसित करना शामिल रहेगा। नवनिर्वाचित समिति के पदाधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, श्रद्धालुओं एवं चुनाव अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समिति सामूहिक सहयोग और पारदर्शिता के साथ सिद्ध क्षेत्र के विकास एवं धार्मिक गतिविधियों के संवर्धन के लिए कार्य करेगी। इस अवसर पर एडवोकेट प्रभात सेठ, मुकेश जैन लार, डॉ. कैलाश नुना, प्रकाश सिंघई डूडा, गगनदीप फानेंद्र, प्रमोद कोठिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। नई कार्यकारिणी के गठन पर समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यकाल से नई अपेक्षाएं व्यक्त कीं।

### युवक पर रॉड और लाठियों से हमला

**ललितपुर।** निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बीयर बेचने का विरोध करना और इसकी शिकायत आबकारी विभाग से करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि बीयर दुकान के सेल्समैन ने अपने दो साथियों को बुलाकर युवक की लोहे की रॉड और लाठी-डण्डों से बेरहमी से पिटाई कर दी। घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम सौरंई निवासी इन्द्रपाल पुत्र ऊदल पाल शनिवार दोपहर अपने मित्र मिहिलाल उर्फ पुष्पेन्द्र पाल के साथ ग्राम गौना स्थित कम्पोजिट अंग्रेजी व बीयर की दुकान पर बीयर खरीदने पहुंचे थे।

## 'स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव ही है लोकतंत्र की मजबूती'

मीनाक्षी का नामांकन निरस्त होने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल



**टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश राज्यसभा चुनाव-2026 में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने के मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जांच और उचित कार्रवाई की मांग की। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और चुनावी प्रक्रिया की समीक्षा किए जाने की मांग उठाई है। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मोना कौरव के निर्देश पर जिला अध्यक्ष प्रत्यूष पाठक, प्रदेश सचिव अंकित जैन, संगठन महासचिव संजय नायक, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष डॉ. इसरार मुहम्मद, एडवोकेट दीपक कुशवाहा, अन्नू श्रोती एवं रुपेश राय के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रत्यूष पाठक ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया पर आधारित है, इसलिए पूरे मामले की स्वतंत्र और न्यायसंगत जांच आवश्यक है। ज्ञापन में कहा गया कि राज्यसभा चुनाव-2026 में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने से चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर प्रश्न खड़े हुए हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-36 और धारा-36(4) का हवाला देते हुए कहा कि नामांकन केवल वैधानिक एवं निर्धारित आधारों पर ही निरस्त किया जा सकता है तथा ऐसे दोषों के आधार पर नामांकन खारिज नहीं किया जा सकता, जो महत्वपूर्ण प्रकृति के न हों। ज्ञापन में निर्वाचन आयोग की रिटर्निंग ऑफिसर हैंडबुक-2023 का उल्लेख करते हुए कहा गया कि संदेह की स्थिति में उम्मीदवार को लाभ दिया जाना चाहिए और केवल शपथ पत्र में कथित गलत जानकारी के आधार पर नामांकन अस्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि यदि निजी शिकायत से संबंधित कथित जानकारी के आधार पर नामांकन निरस्त किया गया है तो यह जांच का विषय है कि रिटर्निंग अधिकारी ने वैधानिक प्रावधानों, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का समुचित पालन किया या नहीं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि नामांकन निरस्तीकरण की पूरी प्रक्रिया एवं उसके आधारों की निष्पक्ष और विस्तृत जांच कराई जाए। यदि किसी प्रकार की प्रक्रिया संबंधी त्रुटि या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो सक्षम प्राधिकारी को आवश्यक अनुशंसा भेजी जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

लंबित समंस-वारंटों की तामीली में तेजी लाने के निर्देश, कोर्ट मुंशियों, मोहर्रिरों की समीक्षा बैठक

## प्रभावी पुलिसिंग और त्वरित न्याय हेतु रहें प्रतिबद्ध: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़






जिले में न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी, समयबद्ध और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के समस्त थाना कोर्ट मुंशियों एवं न्यायालय कोर्ट मोहर्रिरों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में लंबित समंस, वारंट और स्थायी वारंटों की तामीली सहित अपराध चालानों की न्यायालय में प्रस्तुति की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने थाना-वार प्रगति का मूल्यांकन करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण और न्यायिक कार्यवाही में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी मंडलोई ने समीक्षा बैठक को निर्देशित करते हुये कहा कि न्यायालय से प्राप्त समंस, जमानती वारंट, गिरफ्तारी वारंट एवं स्थायी वारंटों की तामीली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और अपराध चालानों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान एसपी मंडलोई ने कहा कि प्रभावी न्याय व्यवस्था के लिए पुलिस और न्यायालय के बीच बेहतर समन्वय, जवाबदेही और समयबद्ध कार्यप्रणाली अत्यंत आवश्यक है। न्यायालयीन आदेशों का त्वरित पालन न केवल न्यायिक प्रक्रिया को गति देता है, बल्कि आम नागरिकों का न्याय व्यवस्था पर विश्वास भी मजबूत करता है। बैठक में न्यायालयीन कार्यों के निष्पादन में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं पर भी चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा किए, जिनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। साथ ही रिकॉर्ड संधारण, नियमित मॉनिटरिंग और लंबित मामलों की निरंतर समीक्षा पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि लंबित प्रकरणों का निराकरण, न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी लाना और न्यायालयीन आदेशों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, प्रधान आरक्षक राजेश्वर त्रिपाठी व थाना कोर्ट मुंशी एवं न्यायालय कोर्ट मोहर्रिर उपस्थित रहे।

### प्रशासन ने नहीं किए कोई खास प्रबंध, अव्यवस्थाओं से परेशान होते रहे श्रद्धालु

# त्रिवेणी संगम में अव्यवस्थाओं के बीच श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोमवती अमावस्या का पर्व सोमवार को शहर समेत जिले भर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने दान पुण्य किए और जलाशयों में पवित्र स्नान किया। इस दौरान जिले के प्रसिद्ध तीर्थस्थल त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम पर भी श्योपुर जिले ही नहीं बल्कि दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओ ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और सोमवती का पर्व स्नान किया। सोमवती अमावस्या पर त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम पर बडी तादात में श्रद्धालुओ की भीड उमडने के बाद भी यहां प्रशासन की ओर से कोई खास प्रबंध नहीं किए गए। जिसके कारण श्रद्धालुओ को यहां कई तरह की अव्यवस्थाओं से जूझना पडा और अव्यवस्थाओ के बीच ही त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकियां लगानी पडी। उधर उतनवाड़ के ध्रुव कुंड पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

जिला मुख्यालय से 39 किमी दूर स्थित त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम पर सोमवार को सोमवती अमावस्या का पर्व होने के चलते श्रद्धालुओं की विशेष चहल पहल रही। चंबल, बनास व सीप नदियों के पवित्र त्रिवेणी संगम तट पर ऊषाकाल से ही हर हर गंगे के उद्घोष गूंजने लगे। स्नान के बाद लोगों ने रामेश्वर महादेव तथा भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर में दर्शन किए। कई श्रद्धालुओं ने नाव से उस पार जाकर राजस्थान सीमा में परशुराम घाट पर स्नान किया। भगवान चतुर्भुज नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर में अनगिनत बरसों से जल रही अंखड ज्योति के दर्शन किए और अखंड रामधुन सुनकर श्रद्धालु निहाल हो गए। मध्यप्रदेश और राजस्थान सीमा में त्रिवेणी संगम के दोनों ही किनारो पर धर्मप्रेमियों की अच्छी खासी भीड़ जुटने से मेला जैसा माहौल दिखाई दिया। श्रद्धालुओ ने अन्न, वस्त्र आदि का दान किया।





### सुहाग के लिए महिलाओं ने व्रत रखकर सुनी कथा

सोमवती अमावस्या पर कई जगह भंडारे में गरीबों को भोजन कराया। इसके साथही अखंड सुहाग की कामना को लेकर महिलाओं ने इस दिन व्रत रखा, पारंपरिक रूप से कथा कही और सुनी। मंदिरों में अन्न, वस्त्र, फल का दान किया। सुहागिन महिलाओं को सुहाग सामग्री भी बांटी तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे में गरीबों को भोजन, साधू ब्राह्मणों को अन्न- वस्त्र दिए। इसके साथ ही लोगों श्रद्धाभाव के साथ दान पुण्य किया।



### न ट्रैफिक व्यवस्था, न महिला पुरुषों के नहाने के लिए स्नान घाट पर थी अलग अलग व्यवस्था

सोमवती अमावस्या होने के कारण सोमवार को बडी संख्या में श्रद्धालु रामेश्वर त्रिवेणी संगम स्थल पर जुटे। कोई श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर पहुंचे तो कोई जीप और मोटरसाइकिल सहित अन्य वाहनों के जरिए त्रिवेणी संगम में पुण्य लाभ अर्जित करने के लिए आए। यहां प्रशासन की ओर से ट्रैफिक व्यवस्था न लगाए जाने से वाहन अस्त व्यस्त तरीके से खडे हो गए,जिसकारण यहां दोपहर तक दिन में कई बार जाम की स्थिति बन गई और श्रद्धालु वाहनो के जाम में फंसने के कारण परेशान होते हुए त्रिवेणी संगम तट पर स्नान करने के लिए पहुंचे। लेकिन संगम तट पर महिला और पुरूषो के नहाने के लिए अलग अलग व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालुओ को परेशानी और शर्मिंदगी के बीच त्रिवेणी संगम में स्नान करना पडा।

### प्रशासन को कोसते नजर आए श्रद्धालु

सोमवती अमावस्या पर त्रिवेणी संगम में डुबकियां लगाने के लिए पहुंचे कई श्रद्धालु अव्यवस्थाओ से परेशान होकर प्रशासन को कोसते नजर आए। जैनी गांव से आए रामचरण मीणा ने त्रिवेणी संगम तट पर प्रशासन की ओर से कोई खास प्रबंध न किए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि गंगा दशहरा पर मामूली भीड होने के बाद भी यहां प्रशासन ने किस तरह चाक चौबंध व्यवस्था की, लेकिन आज भारी भीड होने के बाद भी न तो प्रशासन की चाक चौंबंद व्यवस्था दूर दूर तक नजर आई और न ही संबंधित प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेदारी संभालते हुए नजर आए।

### कॉलोनीवासियों ने कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को मांग ज्ञापन सौंपा

# विकास नगर कॉलोनी को कायाकल्प योजना के तहत बन रही सडक से जोड़ा जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर की विकासनगर कॉलोनी के निवासियों ने कलेक्टर शीला दाहिमा के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौंपकर इस कॉलोनी को कायाकल्प योजना के तहत बन रही सडक से जोडे जाने की मांग प्रमुखता से रखी है।

विकासनगर कॉलोनी निवासी शंभूदयाल शर्मा, आशुतोष शर्मा, महावीर सिंह मीणा, विजय सिंह सहित अन्य कई नागरिको ने डिप्टी कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि हमारी कॉलोनी टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग के तहत विधिवत स्वीकृत कॉलोनी है। जिसमें करीब 400 परिवार निवास करते है। लेकिन इसके बाद भी इस कॉलोनी का मुख्य मार्ग काफी सकरा है, जिसमें होकर जरूरत पडने पर एंबुलेंस और फायर बिग्रेड जैसे जरूरी वाहनों का पहुंचना मुश्किल है। ऐसे में इस कॉलोनी को नजदीक ही कायाकल्प योजना के तहत बनाई सडक से अतिशीघ्र जोडा जाए। जिससे इस कॉलोनी के निवासियों को सुरक्षित और सुगम मार्ग मिल सकेगा। ज्ञापन लेने के बाद डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ने इस मामले में एसडीएम श्योपुर को पत्र लिखकर इस मामले में जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित कर दिया है।

# भारतीय किसान संघ ने मासिक बैठक कर सीएम के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




भारतीय किसान संघ की श्योपुर जिला इकाई ने सोमवार को मासिक बैठक आयोजित करने के बाद किसानों की विभिन्न समस्याओ को लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों के साथही डिप्टी कलेक्टर संजय जैन से चर्चा की और डिप्टी कलेक्टर को किसानों की समस्याओ से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चैधरी ने बताया कि सीएम के नाम दिए गए ज्ञापन में यह समस्या प्रमुखता से उठाई कि किसानों को खरीफ की धान की फसल एवं रवि की गेहूं की फसल में ओला एवं अतिवृष्ट से नुकसान हुआ है उसकी बीमा की राशि अभी तक नहीं मिली है फसल बीमा की यह राशि किसानो को जल्द से जल्द मिलनी चाहिए। इसके साथही किसानों को आसानी से खाद मिले इसके लिए प्रत्येक पंचायत पर समिति बनाई जाए। ओलावृष्टि में गेहूं की फसल के नुकसान का मुआवजा तत्काल दिलवाया जाए। ज्ञापन में खरीफ फसल हेतु 1 जुलाई से चंबल नहर में पानी छोड़ने की व्यवस्था करने, विद्युत व्यवस्था को पूर्ण रूप में दुरस्त कराए जाने, एमएसपी पर मूंग की तुलाई प्रारंभ करने, सहकारिता का जिला मुख्यालय श्योपुर में बनाए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। ज्ञापन सौपने के दौरान जैविक जिला जैविक प्रमुख भरत सिंह जाट, जिला उपाध्यक्ष मुकेश मीणा, भीम सिंह, महावीर मीणा सहित अन्य कई किसान मौजूद थे।

# श्योपुर में होगी विशाल किसान महापंचायत गांव गांव बनाई जाएगी युवाओं की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जिले में किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर आगामी किसान आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने हेतु सोमवार को मूंडला स्थित बाबा खेमजी मंदिर पर क्षेत्र के किसानों एवं युवाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंड़ला ने किया, जिसमें जिलेभर में व्यापक किसान आंदोलन खड़ा करने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंड़ला ने कहा कि किसानों को संगठित करने और आंदोलन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से 20 जून से 30 जून तक किसान जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रत्येक गांव में किसान आंदोलन को मजबूत करने के लिए 10-10 युवाओं की टीम का गठन किया जाएगा, जो किसानों को संगठित कर आंदोलन की रणनीति को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के बाद जिले में एक विशाल किसान महापंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर बड़े आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा। महापंचायत में मुख्य रूप से खाद संकट, बिजली की समस्या, 35 गांवों की 167 करोड़ रुपये की चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना में भ्रष्टाचार, मूझरी बांध निर्माण की मांग, खेत सड़क योजना, नल-जल योजना में भ्रष्टाचार तथा जिले में सड़कों के निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।बै ठक के दौरान क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान एवं युवा मौजूद थे।

# विधवा भाभी ने मांगी क्लैम की राशि तो देवर ने कर डाली मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विधवा भाभी ने पति की मौत के क्लैम के राशि देवर से मांगी तो देवर ने यह राशि देने के बजाए विधवा भाभी की गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। यह मामला विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पचनया का है। पुलिस ने देवर के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पचनया निवासी महिला रीना पत्नी स्व हरिओम जाटव के पति की कुछ साल पहले एक्सीडेंट के दौरान मृत्यु हो गई थी। जिसकी एक्सीडेंट क्लैम राशि 4 लाख रूपए मिली है। जो उसके देवर धर्मेन्द्र जाटव ने रख ली है। हालांकि 4 लाख में से 1 लाख 70 हजार रूपए तो देवर ने क्लैम राशि आने के साथही विधवा भाभी को दी,लेकिन शेष बची राशि वह खुद ही रखकर बैठा है। जब विधवा भाभी ने क्लैम की शेष बची राशि मांगी तो देवर ने राशि देने के बजाए गाली गलौच करते हुए भाभी की मारपीट कर दी। पुलिस ने विधवा भाभी की रिपोर्ट पर धर्मेन्द्र जाटव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### आज शिवनगर फीडर से बंद रहेगी बिजली

श्योपुर। लाइन मेंटीनेंस होने के कारण 11 केवी शिवनगर फीडर से 16 जून को प्रातः 7 बजे से प्रातः 11 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। प्रबंधक वितरण केन्द्र श्योपुर शहर ने बताया कि उक्त कार्य होने से शिवनगर फीडर से उक्त समय में विधुत की आपूर्ति बंद रहेगी। जिसके चलते हजारेश्वर कॉलोनी, विकास नगर, कृष्णा पैलेसे के पीछे, पटवारी कॉलोनी, वकील कॉलोनी, शिवनगर कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, श्री नाथपुरम कॉलोनी, रेलवे फाटक क्षेत्र में 16 जून को प्रातः 07 बजे से 11 बजे तक विधुत की सप्लाई बंद रहेगी।

### नगरपालिका में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ

# पात्र हितग्राहियों को मिले शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ:रेणु

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




नगरपालिका परिषद श्योपुर के तत्वाधान में आयोजित जनकल्याण शिविर को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग ने कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप सभी पात्र हितग्राहियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलें, इसके लिए जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया है। नगरपालिका भवन परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर के शुभारंभ अवसर पर उपाध्यक्ष संजय महाना, सीएमओ राधेरमण यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरोज तोमर, पार्षद गण राजेंद्र मित्तल, विष्णु पाराशर, जुगल मेहरा, अकबर अली, सलाउद्दीन, उप यंत्री पवन गर्ग, शिविर के नोडल अधिकारी आदित्य चौहान आदि उपस्थित थे।

केन्द्र एवं प्रदेश की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शेष पात्र हितग्राहियों को दिये जाने के क्रम में आयोजित तीन दिवसीय शिविर के शुभारंभ अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग ने कहा कि 12 से 18 जून तक राज्य शासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर पात्रतानुसार हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने के लिए जनकल्याण शिविर आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में नगरपालिका द्वारा 15 से 17 जून तक शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में इकरा बानो, शबाना, माजिद, हर्षवर्धन सिंह, लक्ष्मी, आर्यन मीणा, मोहम्मद इरशाद को जन्म प्रमाण पत्र का लाभ प्रदान किया गया। इसके साथ ही हितग्राही रुखसार, साइना, रेखा लोधा, सोनम धूलिया, दीपचंद रेगर, रामेश्वरी लोधा को मौके पर ही खाद्यान पात्रता पर्ची प्रदाय की गई। संजू गौड़ को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत संबल कार्ड तथा अज़ीम शाह को राशनकार्ड का वितरण किया गया। शिविर में कुल 306 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 124 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदन समयावधि के होने से उनके निराकरण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई।

### महामहिम राष्ट्रपति के श्योपुर जिले के आगमन को लेकर बैठक आयोजित

# 21 को आएंगी राष्ट्रपति, कूनो पार्क के टिकटोली अगरा और अहेरा गेटों पर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 21 जून को श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में आ रही हैं। उनके आगमन को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां की जा रही है तथा स्थानीय स्तर की सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं की सतत रूप से समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को सौपे गये दायित्वों की समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल, डीएफओ कूनो आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एएसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि राष्ट्रपति के दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कूनो नेशनल पार्क के तीनों गेट टिकटोली, अगरा एवं अहेरा गेटों पर सुरक्षा बढाई जायें और अभी से विशेष चैकिंग अभियान चलाया जायें। इसके साथ ही वन क्षेत्र में सर्चिग करते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायें। इस अवसर पर उन्होंने हैलिपेड की व्यवस्था सहित बेरीकेटिंग आदि के संबंध में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के कूनो नेशनल उद्यान स्थित रेस्टहाउस में रात्रि विश्राम के दृष्टिगत प्रोटोकॉल अनुसार सभी प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में सौपे गये दायित्वों की समीक्षा करते हुए अभी तक की प्रगति का आंकलन किया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में स्थानीय स्तर के सभी सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किये जा रहे है तथा तीनों गेटों पर विशेष चैकिंग अभियान शुरू किया जा रहा है, इसके पूर्व से कूनो नेशनल पार्क में सर्चिग अभियान जारी है। हैलिपेड स्थल सहित रेस्टहाउस के चारो ओर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किये जा रहे है।

### यूसीसी के लिए नागरिकों से मांगे सुझाव, ई-टोकन व्यवस्था को लेकर किसानों को जागरुक करें:शीला

सभी अधिकारी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में सुझाव प्रदान करने के लिए नागरिकों को प्रेरित करें, ग्राम स्तर तक इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायें तथा जनकल्याण शिविरों के माध्यम से लोगों को यूसीसी पर सुझाव देने के लिए प्रेरित किया जायें। इसके साथही किसानों को उर्वरक वितरण के लिए शुरू की गई ई-टोकन व्यवस्था के संबंध में जागरूक किया जायें। यह निर्देश सोमवार को कलेक्टर शीला दाहिमा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक को संबोधित करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिपं सीईओ सौम्या आनंद, एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक के दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि समान नागरिक संहिता पर शासन द्वारा नागरिको से सुझाव आमंत्रित किये गये है, ऑनलाइन अपने सुझाव दर्ज करने के लिए लिंक नबब.उच.हवअ.पदधीवउम उपलब्ध कराई गई है, इसके साथ ही क्यूआर कोड भी दिया गया है, जिसे मोबाइल पर स्कैन करने के बाद खुलने वाले होम पेज पर नागरिकगण यूसीसी के संबंध में अपना मत एवं सुझाव प्रदान कर सकते है। इसके लिए 22 जून की तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने भ्रमण के दौरान अधिक से अधिक लोगों को सुझाव देने के लिए प्रेरित किया जायें। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायें। कलेक्टर शीला दाहिमा ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उर्वरक वितरण के लिए शुरू की गई ई-टोकन व्यवस्था के संबंध में किसानों को जागरूक किया जायें। इस व्यवस्था से किसानों को उनकी मांग अनुरूप खाद की आसान उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी किसानों की फार्मर आईडी बनाने के कार्य में ओर अधिक गति लाये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा पूर्व आपदा प्रबंधन के तहत सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जायें, जिन विभागों को जो दायित्व सौपे गये है, उससे संबंधित व्यवस्थाएं एवं पूर्व तैयारियां रखी जायें। इसके साथ ही उन्होंने गत दिनों तेज आंधी के चलते सूसवाडा एवं बडौदा क्षेत्र में विधुत लाइनो में आई खराबी को दुरूस्त कराये जाने तथा विधुत व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश बिजली कंपनी के अधिकारियों को दिये।

# आंगनबाडी केंद्रों, स्कूलों एवं छात्रावास भवनों के भौतिक सत्यापन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा आगामी शिक्षण सत्र एवं वर्षा ऋतु के दृष्टिगत आंगनवाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों, छात्रावासों एवं आश्रमों में अध्ययनरत एवं निवासरत बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सुरक्षात्मक उपायों के क्रम में महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केन्द्र तथा जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने भवनों के निरीक्षण करने के निर्देश दिये है।

जारी निर्देशो के अनुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र तथा सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, श्योपुर को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों, छात्रावासों एवं आश्रमों का तत्काल विशेष सुरक्षा निरीक्षण कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान यदि कोई भवन जर्जर, क्षतिग्रस्त अथवा उपयोग हेतु असुरक्षित पाया जाता है, तो संबंधित विभाग द्वारा उसे तत्काल उपयोग से पृथक करते हुए परीक्षण हेतु कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, श्योपुर को लिखित रूप से अवगत कराया जायें। परीक्षण उपरांत लोक निर्माण विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार भवन को उपयोग हेतु प्रतिबंधित घोषित करने की कार्यवाही की जाएगी। ऐसे प्रकरणों में संबंधित विभाग बच्चों एवं संचालित गतिविधियों हेतु तत्काल सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करेगे। इसके साथ ही वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व भवनों की आवश्यक मरम्मत, वॉटरप्रूफिंग, विद्युत सुरक्षा परीक्षण, परिसर की सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिये गये। समस्त निरीक्षण पूर्ण होने के उपरांत संबंधित विभाग द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदन लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षण के आधार पर लोक निर्माण विभाग पात्र भवनों के लिए भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र 20 जून तक जारी करना सुनिश्चित करें।

### प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला 19-20 को

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 19 जून को श्योपुर में तथा 20 जून को कराहल में आयोजित होगी। उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि 19 जून को नगरपालिका ऑडिटोरियम श्योपुर में तथा 20 जून को विकासखण्ड मुख्यालय कराहल पर प्रातः 10 बजे से कार्यशाला आयोजित होंगी। कार्यशाला में कृषि विशेषज्ञों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी तथा डेमो प्रदर्शित किये जायेगे।

**खोया पाया**

प्रार्थी रामजीलाल शर्मा निवासी सलापुरा श्योपुर,अपनी पुत्री कुं. ज्योति शर्मा की कक्षा 10वीं CBSC BORD की मूल अंकसूची तकरीबन 20-25 दिन पूर्व लेमिलेशन कराने बाजार ले गया गया था उस समय रास्ते में मूल अंकसूची कहीं गिर थी जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल पाई है। प्रार्थी की पुत्री को अपनी मूल अंकसूची की आवश्यकता है इसलिए प्रार्थी अपनी पुत्री की मूल अंकसूची की डुप्लीकेट प्रति माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड, नई दिल्ली (सी.बी.एस.सी.) मण्डल अजमेर से प्राप्त करना चाहता है इस हेतु संबंधित थाने में पहले सूचना करना अनिवार्य है इसलिए यह आवेदन श्रीमान थाना प्रभारी कोतवाली श्योपुर के समक्ष प्रस्तुत किया है

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत खजूरिया सूबेदार निवासी मोहन शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अंकित अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करमसी निवासी बाईसाब पत्नि गोलू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र और सुनीता कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदनबेहटा निवासी रामपाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जीतू, राजपाल, मिट्ठूलाल और गोलू अहिरवार ने उसके पति और लड़के के मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दो बाईक आपस में टकराईं, दो घायल

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत सजन पुत्र अरबिंद तिवारी उम्र 16 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मनन पैलेस के पास पिपरई मुंगावली के रोड़ पर अज्ञात बाईक चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे फरियादी व उसके दोस्त को चोटे आई हैं।

### अज्ञात चोर बाईक चुरा ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत भदौरा थाना म्याना जिला गुना निवासी मोहन वंशकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ककरूआ तूमैन में कैलाश वंशकार के घर के पास से कोई अज्ञात आरोपी उसकी बाईक चोरी कर ले गया, जिसका नंबर एमपी 08 जेडके 9529 है। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का मामला दर्ज कियाहै।

### जुए के अडडे से 3 मोबाइल बाइक व 26900 रु. जब्त

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा पुलिस ने रेलवे ट्रेक के पास ग्राम पहाड़ा में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए विनोद, चन्द्रप्रकाश और कल्याण गौस्वामी को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से ताश की गडडी और तीन मोबाइल एक मोटरसाईकिल और 26900 रूपए नगर बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों पर जुआं एक्ट का मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात ने 1 लाख 20 हजार ऑनलाइन ठगे

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम बमुरिया दांगी निवासी मोनू पुत्र अशोक दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 7 जून से 13 जून के बीच अज्ञात आरोपी द्वारा फरियादी को कईं प्रकार के प्रलोभन देकर 120494 रू ऑनलाईन लेकर ऑनलाईन धोखाधड़ी की।

### संपर्क अभियान अंतर्गत 11 स्थानों में शिविर लगा

**अशोकनगर।** संपर्क अभियान 2026 के अन्तर्गत शनिवार को जिले में 11 स्थानो पर शिविरो का आयोजन किया गया। जिसमें विल संबंधी एवं अन्य विषयो के संबंध में 469 शिकायते प्राप्त हुई ,जिनमें से 417 शिकायत निराकरण मौके पर ही शिविर के दौरान किया गया। 109 घरेलू तथा 137 कृषि उपयोग हेतु नवीन सर्विस कनेक्शन मौके पर ही जारी किए गए।

---

परिवारजनों ने हत्या का आरोप लगाया, शहर के अस्पताल चौराहे पर किया विरोध प्रदर्शन

# युवक का शव हैदर गांव की नदी में मिला, शरीर पर चोटों के निशान मिले





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हैदर में रविवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब 19 वर्षीय धनपाल रजक का शव गांव के पास नदी में पाया गया। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान होना पाए गए, जिसके बाद परिवार जनों ने हत्या की आशंका जताई है, उक्त घटना को लेकर स्थानीय अस्पताल चैराहे पर मृतक के परिवार जनों ने विरोध जताया और जाम लगाकर हत्या का मामला दर्ज किए जाने की मांग की।

घटना की जानकारी रविवार की सुबह तब हुई जब शौच के लिए निकला युवक धनपाल रजक जब काफी देर तक घर नहीं वापिस नहीं आया तब परिवार के लोग उसे तलाशते तलाशते नदी के पास तक पहुंचे, जहां परिवार जनों का कहना है कि धनपाल रजक लहूलुहान स्थिति में उसका शव नदी में मिला, जिसके चेहरे पर चोट और खून के निशान थे।

**परिवार जन जिला अस्पताल लाए, जहां उसे मृत घोषित किया गया-** घटना की जानकारी जैसे ही परिवार जनों को मिली वैसे ही परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ दिन पहले बकरा चोरी को लेकर कोई विवाद हुआ था, जिसके चलते युवक की हत्या की गई है।

#### हत्या का मामला दर्ज किए जाने की मांग को लेकर चक्काजाम किया गया

आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर परिजनों ने जिला अस्पताल चैराहे पर चक्काजाम कर दिया, जिसके बाद देहात व कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली; फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा होने की बात कह रही है।

#### चौराहे पर जाम लगाने से वाहन चालक परेशान होते रहे

नाराज परिजनों की मांग है कि इस घटना में जो भी दोषी हैं उन पर कार्यवाही की जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए, इसी मांग को लेकर दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल चैराहे पर परिवार जनों के साथ समाज के लोगों ने चक्का जाम कर दिया। जिससे अंडर ब्रिज से दूसरी ओर जाने वाला रास्ता बंद हो गया। वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी।

#### पुलिस ने 4 संदिग्धों को गिरफ्तार किया

परिजन मामले में संदिग्धों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। उन्होंने पुलिस को कुछ नाम बताएं हैं। पुलिस ने चार संदिग्धों सहित दो के परिजनों को हिरासत में लिया है। जिसके बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया। चेहरे पर चोट के निशान और खून बहना पाया गया चेहरे पर चोट के निशान, खून बहने की बात सामने आई: परिजनों के अनुसार धनपाल के चेहरे पर चोट के निशान थे और खून भी बह रहा था। इसी आधार पर उन्होंने मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### युवक ने इस वर्ष 12वी की परीक्षा पास की थी

फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। बताया जा रहा है कि धनपाल ने हाल ही में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की थी और वह कॉलेज में प्रवेश लेने की तैयारी कर रहा था। युवक की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

---

गौ सेवा एवं सदस्यता अभियान को लेकर बनी रणनीति

# राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद की संगठनात्मक बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

श्री युगल सरकार मंदिर में आज राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, गौ सेवा, गो रक्षा एवं "सदस्य जोड़ो अभियान" को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गौ सेवा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। समाज के प्रत्येक वर्ग को गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन के कार्यों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर संगठन के सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और सेवा भावना की सराहना करते हुए उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जिला, नगर एवं तहसील स्तर पर सदस्यता अभियान को तेज गति से चलाया जाएगा तथा गौशालाओं के सहयोग, गौ संरक्षण, जनजागरण और सामाजिक सेवा के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

### साधारण सभा की बैठक 17 व 18 जून को होगी

**अशोकनगर।** सेवानिवृत अधिकारी/कर्मचारी पेंशनर महासंघ का प्रदेश सम्मेलन एवं साधारण सभा की बैठक 17 व 18 जून 2026 को सेवा भारतीय आवासीय विद्यालय केदारपुरम, ग्वालियर में आयोजित की गई है। जिसमें वसंत पुरोहित संरक्षक के बिशेष प्रयासों से मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र सिंह तोमर, विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति की सहमति व स्वीकृति प्राप्त हो गई है, साथ ही रमेश चंद्र शर्मा, अध्यक्ष म.प्र.कर्मचारी कल्याण समिति केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त की उपस्थिति की स्वीकृति भी प्राप्त हो गई है। उपरोक्त दोनों के द्वारा अपना अमूल्य समय देने के लिए पेंशनर महासंघ हार्दिक स्वागत करता है व हर्ष व्यक्त करता है।

---

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक आयोजित की गई

**अशोकनगर।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक शनिवार को स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित की गई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में मोर्चा प्रदेश महामंत्री रामस्वरूप शुक्रवारे भी शामिल हुए। मोर्चा प्रदेश महामंत्री का स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं संगठन सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में अनूसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश पंथी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, लड्डूराम कोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र लोधी,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष माधौराज यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेशपंथी, अनूसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामवीर धनोरिया, मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं संगठन सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

---

# मानसिक रोग ग्रस्त महिला को महिला आश्रम भेजा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

रेलवे स्टेशन पर रविवार की सुबह एक मानसिक रोगी महिला घूम रही थी, रेलवे स्टेशन पर सूचना मिली कि उक्त महिला को रात्रि में कुछ लोगों ने परेशान किया। रात्रि में स्टेशन पर खूब शोर हुआ। मोहम्मद इकबाल ने तुरंत बजरंग दल प्रमुख्य डॉ दशरथ सिंह यादव को सूचना दी और वह अपनी टीम को लेकर तुरंत रेलवे स्टेशन पहुंचे। उक्त महिला से बात की तो वह ठीक से बोल नहीं पा रही थी। उसको खान पान करवा कर थाना प्रभारी ओ पी मिश्रा को सूचना दी गई, जिस पर उक्त महिला को पुलिस थाने ले जाकर सुरक्षा प्रदान की गई। इस दौरान राहुल जैन नए कपड़े लाए ओर उसको कपड़े पहनाए साथ में नरेश आदिवासी शुभम राठौर का काफी सहयोग रहा। बाद में जीप से शिवपुरी महिला अनाथ आश्रम के लिए रवाना किया। जैसे ही उक्त महिला के घर वालों की कोई जानकारी लगती है तो उसे उसके घर पहुंचाने में भी सहयोग किया जाएगा।

---

पंच कल्याणक महोत्सव विश्व शांति महायज्ञ के पात्रों का किया बहुमान

# शोभायात्रा निकालकर भगवान के माता-पिता की हुई गोदभराई

विश्व शांति महायज्ञ में बड़ी संख्या में जायेगा जैन समाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ 18 पिच्छिकाओ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया शुयस अशोकनगर के निर्देशन में 17 जून से 22 जून तक हो रहें श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ को लेकर अशोकनगर पहुंचे। जहां दिगम्बर जैन समाज द्वारा उनका बहुमान किया गया और गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस दौरान पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव गुना में भगवान के माता-पिता एस.के. जैन अध्यक्ष पुण्योदय तीर्थ कमेटी अरविंद जैन (शरद एजेंसी) गौशाला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंघई सुधीर छतरपुरिया, सुनील छतरपुरिया पांच मुखी पंच कल्याणक में माता पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जिनका बहुमान आज शनिवार को प्रातः काल आदीश्वर धाम सुभाष गंज जैन मन्दिर में विराजमान परम पूज्य 108 मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा सहित अन्य प्रमुख जनो दारा किया गया। भगवान के माता-पिता वने श्री मति संगीता देवेन्द्र कुमार सिंघई महा यज्ञनायक वने डॉ प्रतीष जैन पिंपरई को शोभायात्रा के साथ प्रवेश कराया जहां प्रवचन उपरांत सुभाष गंज जैन मन्दिर सभी संगठनों महिला मंडलों दारा गोद भराई का कार्यक्रम किया गया।

---




---

# सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष के प्रसंग के साथ 7 दिवसीय भागवत कथा का समापन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

महेश्वरी समाज द्वारा चंदेरी नगर के श्री जानकीनाथ शनि मंदिर के पीछे आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का समापन धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिन कथावाचक ने सुदामा चरित्र, शुकदेव विदाई और राजा परीक्षित के मोक्ष के प्रसंगों का सूक्ष्म और मर्मस्पर्शी वर्णन किया, जिसे सुनकर पाण्डाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

कथा के मुख्य प्रसंग सुदामा चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अयोध्या धाम से पधारे प्रख्यात कथावाचक, परम पूज्य प्रेममूर्ति दिव्यांशु महाराज ने भक्तों के सामने सच्ची दोस्ती की मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में लोग स्वार्थ के लिए मित्रता करते हैं और काम निकल जाने पर भूल जाते हैं। इसके विपरीत, भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता निस्वार्थ थी और समाज में समानता का संदेश देती है। सुदामा जी ने अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सखा कृष्ण का चिंतन और स्मरण नहीं छोड़ा, जिसके फलस्वरूप भगवान ने उन्हें परम पद प्रदान किया है।

**धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश-** उन्होंने श्रद्धालुओं को जीवन का सार समझाते हुए कहा कि मनुष्य को हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। कर्म करो, लेकिन फल की इच्छा मत करो, क्योंकि भगवान हमेशा सच्चे भक्तों के हृदय में ही वास करते हैं। जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता जरूर बनाना चाहिए, क्योंकि ईश्वर से जुड़ा यही रिश्ता जीव को मोक्ष की ओर ले जाता है। उन्होंने आगे बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रद्धापूर्वक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, वहीं इसका आयोजन कराने वाले भी महान पुण्य के भागी बनते हैं।

#### यज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़, प्रसादी का वितरण हुआ

समस्त महेश्वरी समाज चंदेरी द्वारा आयोजित इस भव्य कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु पाण्डाल पहुंचे। कथा की पूर्णाहुति के बाद महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद उपस्थित सभी भक्तों के बीच प्रसादी का वितरण किया गया। पूरी कथा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय भजनों और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गुंजायमान रहा।